Publication: Sanmarg
Date: 27/08/2016
Edition: Bhubaneswar
Page No: 3
Headline: Sai International School wins Bhubaneswar edition of TCS IT wiz 2016

साई इंटरनेशनल स्कूल बना टीसीएस आईटी विज 2016 का विजेता



भुवनेश्वर : टाटा कंस्लटेंसी सर्विसेज की ओर से आयोजित देश की सर्वोच्च अंतर विद्यालय क्विज टीसीएस आईटी विज का भुवनेश्वर संस्करण आयोजित हुआ। जयदेव विहार स्थित एक निजी होटल में शुक्रवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 1100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। आठवीं से लेकर 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में नि:शुल्क शामिल होने का मौका प्रदान किया गया था। डिफाल्ट इज डिजिटल विषय पर आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता के लिखित राउंड में छह टीमें फाइनल के लिए चुनी गई हैं। आंचलिक फाइनल में पांच राउंड की क्विज आयोजित होने के बाद साइ इंटरनेशनल स्कूल के अक्षत प्रणीत एवं संप्रीति पंडा विजेता घोषित किए गए। डीएवी यूनिट-8 स्कूल के शिव प्रसाद रेड्डी एवं स्पंदन दास उप विजेता हुए। विजेता और उप विजेता को इस अवसर पर सम्मानित करने समेत मंबई में आयोजित होने वाले नेशनल फाइनल में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर ओडिशा सरकार के सूचना एवं तकनीक विभाग के विशेष सचिव आरएन पलाई और टीसीएस सेंटर मुख्य मनोज पंडा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।